संख्या-295/2023/2728/001-23-9002-001-2-2023

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ: दिनांक 22 दिसम्बर, 2023

विषय - वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 के अधीन नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0-29 योजनान्तर्गत 14 ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के नवनिर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के पत्र सं-रा0बैं0उ0प्र0क्षे0का0/317/राज्य परियोजना विभाग/आरआईडीएफ-04/आर.आई.डी.एफ.-29/2023-24, दिनांक 01.12.2023 एवं मुख्य अभियंता(मु-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रों(निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 के अधीन नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0-29 योजनान्तर्गत तालिका में उल्लिखित विभिन्न जनपदों के कुल 14 ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के निर्माण हेतु 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित कार्यों की कुल लागत रू0 19,99,29,000/- (रूपये उन्नीस करोड़ निन्यानबे लाख उन्तीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एवं उसके सापेक्ष स्तम्भ-9 के अनुसार प्रथम किश्त के रूप में कुल रू0 15,99,42,000/-(रूपये पन्द्रह करोड़ निन्यानबे लाख बयालीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र.	मुख्य अभियंता(मु0-1) लो0नि0वि0 का पत्र	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी में)	निर्माण लागत	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	352/32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 01.10.2022	अम्बेडकर नगर	शाहपुर परासी मार्ग से सभाजीत के घर से प्राइमरी विद्यालय होते हुए फूलपुर सम्पर्क मार्ग।	1.20	72.74	6.66	79.40	63.52
2	354/32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 01.10.2022	प्रयागराज	धरवारा में चमरौटी बस्ती सम्पर्क मार्ग।	1.10	55.14	5.07	60.21	48.17
3	3 65 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 11 .10.2022	प्रयागराज	टीकापुर से खैरूआ पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग।	1.50	104.88	9.70	114.58	91.66
4	379/32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 17 .10.2022	गोण्डा	हरिहरपुर मनकापुर नवाबगंज मार्ग से माफिया सम्पर्क मार्ग।	4.35	335.35	31.00	366.35	293.08
5	386/32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 19 .10.2022	सिद्धार्थ नगर	वाया ह ट वा पिरैला मार्ग से हटवा सम्पर्क मार्ग होते हुए बडकाडीह(उत्तरडीह) मकतब स्कूल जुडवनिया सम्पर्क मार्ग।	1.20	114.49	10.48	124.97	99.98
6	469/32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0-5/22 , दि0 23 .11.2022	वाराणसी	पंचकोसी मार्ग से हीरमपुर बस्ती एवं हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	1.45	84.96	7.78	92.74	74.19

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	मुख्य अभियंता(मु0-1) लो0नि0वि0 का पत्र	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी में)	निर्माण लागत	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
7	409 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 31 .1 0 .2022	सीतापुर	चान्दी खेड़ा मार्ग से पुरवा वाया रोहा सम्पर्क मार्ग।	1.80	98.32	9.00	107.32	85.86
8	373 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 13 .1 0 .2022	अम्बेडकर नगर	अकबरपुर गौहनिया मार्ग से ग्रामसभा बिनगांव डिहवा(कचना) सम्पर्क मार्ग	1.00	62.45	5.72	68.17	54.54
9	373 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 13 .1 0 .2022	अम्बेडकर नगर	अहलादे पिचमार्ग से ग्राम भितरीडीह(खुलासपुर) सम्पर्क मार्ग।	2.00	133.26	12.32	145.58	116.46
10	430 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 07 .11.2022	गोण्डा	गोण्डा बलरामपुर मार्ग से मोहन भट्टा से जलालजोत होते हुये जामुनही हरदोपट्टी प्रधानमंत्री सड़क सम्पर्क मार्ग।	4.95	430.98	39.85	470.83	376.66
11	429 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 07 .11.2022	जौनपुर	लखनऊ-माझीघाट राज्य मार्ग के किमी 300 से बरौटी मल्लहा/हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	1.02	59.63	5.46	65.09	52.07
12	429 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 07 .11.2022	जौनपुर	उसराबाजार-बरईपार मार्ग के किमी 3 से खैरपार चौहान बस्ती, यादव बस्ती एवं ब्राम्हण बस्ती संपर्क मार्ग।	1.10	63.38	5.80	69.18	55.34
13	436 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 15 .11.2022	गाजीपुर	दउपुर सम्पर्क मार्ग।	1.55	112.45	10.29	122.74	98.19
14	446 /32 पी0जे0(सा)/ आर0एस0डी0- 5/22 , दि0 17 .11.2022	गाजीपुर	खानकाह कलॉ सम्पर्क मार्ग से मुसहर बस्ती होते हुये धनईपुर रोड तक सम्पर्क मार्ग।	1.50	102.73	9.40	112.13	89.70
			योग		**1830.76**	**168.53**	**1999.29**	**1599.42**

(1) प्रश्नगत कार्यों को प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा समक्ष स्तर से तनकीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्यों की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष की होगी। प्रायोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्त हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(4) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(5) अधिष्ठान व्यय/सेन्टेज चार्ज की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(लेखा)अनु02 के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17.05.2023 एवं शासनादेश सं0-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 , दिनांक 19.05.2023 के अनुसार लोक निर्माण विभाग की प्राप्ति लेखाशीर्ष में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट करके प्रशा0 विभाग द्वारा जमा की जायेगी।

(6) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(7) मूल्यह्रास निधि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा करायी जायेगी।

(8) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में सम्मिलित जी0एस0टी0 की धनराशि वास्तविक रूप से जितनी देय होगी उतनी ही भुगतान की जायेगी, प्रस्तावित आगणन उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(9) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा नाबार्ड की शर्तों एवं योजना की गाइडलाइन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(10) प्रायोजना में यदि भूमि अध्याप्ति का प्राविधान किया गया है तो भूमि का क्रय विभाग द्वारा सुसंगत वित्तीय नियमों के अधीन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(11) प्रभाग द्वारा प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की मात्राओं को यथावत मानते हुए मात्र दरों के आधार पर परीक्षण किया गया है। मात्राओं को निर्माण के ससमय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/प्रशासकीय विभाग का होगा।

(12) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(13) प्रायोजनान्त प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति(डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व प्रशासकीय विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी कार्य की द्विरावृत्ति होती है तो उसके निरस्तीकरण का प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा। यदि कोई बसावट पूर्व से ही किसी मार्ग से जुड़ा हुआ है तो उस पर द्विरावृत्ति का कार्य होता है तो उसकी वसूली संबंधित अधिकारी से की जायेगी।

(14) प्रायोजना की लागत का आंकलन प्रशासकीय/वित्तीय अनुमोदन तथा बजट आवंटन के उद्देश्य से किया गया है। अत: प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जाय।

(15) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा विभागीय व्यय वित्त समिति द्वारा लगायी गयी शर्तो का पूर्णतयः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(16) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या -2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 तथा यथासंशोधित कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक- 19-सितम्बर, 2023 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(17) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 15,99,42,000 (रुपये पंद्रह करोड़ निन्यानवे लाख बयालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 058 **लेखा शीर्षक** 5054043376600 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गों / लघु सेतुओं के नये कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था (नाबार्ड पोषित) (जिला योजना) **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-8-912-X-2023-24, दिनांक:8-12-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

शिव कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>संख्या- उपरोक्त तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।

2- जिलाधिकारी, संबंधित जनपद।

3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।

4- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।

5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।

6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0, लखनऊ।

7- उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

8- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।

9- समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)।

10- राज्य योजना आयोग अनुभाग1/2

11- संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

12- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता , लो0नि0वि0।

13- लोक निर्माण अनुभाग-10/श्रम अनुभाग-2

14- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

शिव कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।